**Regarding railway related issues of Jalore and Sirohi districts, Rajasthan-Laid**

श्री लुम्बाराम चौधरी **(जालौर) :** सिरोही जिला केन्द्र आजादी के 76 वर्षो के बाद भी रेलवे नेटवर्क से नही जुड पाया हैं । सिरोही की जनता को ट्रेन पकडने के लिए 30 कि0 मी0 दूर पिण्डवाडा रेलवे स्टेशन अथवा राजधानी और सुपर फास्ट ट्रेन पकडने के आबूरोड 75 कि0 मी0 दूर जाना पड़ता है । वहीं दूसरी तरफ बागरा रेलवे स्टेशन की दूरी लगभग 60 कि0 मी0 है । सिरोही जिला केन्द्र को मारवाड बागरा और स्वरूपगंज के मार्ग से रेलवे नेटवर्क से जोड़ा जाए जिससे जालोर सिरोही के प्रमुख रिको औद्योगिक क्षेत्र मंडार रेवदर स्वरूपगंज के साथ साथ सिरोही जिला केन्द्र , यह रूट इन प्रमुख क्षेत्रो को कवर करेगा । सिरोही में रेलवे स्टेशन होने से पर्यटन एवं औधोगिकरण क्षेत्र में रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे । सिरोही जिला केन्द्र को रेलवे नेटवर्क से जोडने के लिए पुनः सर्वे कर डी0 पी0 आर 0 बनवाने की आवयकता है । जालोर-सिरोही के लाखो लोग चेन्नई शहर मे रहते है । इन प्रवासियों के लिए सीधी रेल सेवा नही होने से अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है । अतः आपसे आग्रह है कि चेन्नई से बाडमेर वाया जालोर नई रेल शुरू करने की आवश्कता है । गांधीधाम जोधपुर एक्सप्रेस 22483/22484 का रानीवाडा मे ठहराव दिया जाए ।